प्रतिवेदन

———000———

गांधी – शास्त्री जंयती

दिनांक 03/10/2023 को स्व. ठाकुर महाराज सिंह शासकीय महाविद्यालय थानखम्हरिया जिला – बेमेतरा में राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वाधान में 2 अक्टूबर अंराष्ट्रीय अहिंसा दिवस एवं लाल बहादूर शास्त्री जी के जन्म शाताब्दी वर्ष के शुभ अवसर पर गांधी – शास्त्री जंयती का आयोजन किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय में गांधी एवं शास्त्री जी के प्रमुख विचारों का एवं देश के लिए किए गये योगदानों पर परिचर्चा कार्यक्रम का आयोजना किया गया। छात्रो को संबोधित करते हुए सहायक प्राध्यापक एवं कार्यक्रम प्रभारी श्री ओमप्रकाश मरकाम द्वारा महात्मा गांधी एवं लालबहादूर शास्त्री जी के प्रमुख विचारो को जैसे – सत्याग्रह, अहिंसा, धार्मिक समभाव, न्याशिता सिद्धांत, अंराष्ट्रीयतावाद, 1965 भारत पाकिस्तान युद्ध एवं विदेशनीति आदि विचारों पर प्रकाश डाला गया, साथ ही प्राध्यापक श्री तोरन लाल साहू, आकाश वर्मा, श्रीमति रजिन्दर कौर होरा द्वारा महात्मा गांधी एवं लालबहादूर शास्त्री जी के द्वारा आजादी में किये उल्लेखनीय योगदानों पर चर्चा की गयी। स्वयं सेवक किशन दास मनिकपुरी द्वारा गांधी जी को अपना प्रेरणा स्त्रोत बताते हुए गांधी जी एवं शास्त्री जी के सादगीपूर्ण जीवन पर विचार व्यक्त किया गया।